तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार 26 मार्च 2026

12 10 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का विधायक ...



13 शिक्षा, स्वास्थ्य और जागरूकता से ही बदलेगा बीजापुर का ...





नवरात्रि विशेष



## अष्टमीः महागौरी

महागौरी देवी भगवती का आठवां स्वरूप है । आठवें नवरात्रि को माता के महागौरी स्वरुप की आराधना का विधान है। महागौरी ही देवी शाकुंभरी, दुर्गा, त्रिनेत्री, मन्शा, चंडी और शताक्षी हैं । देवी महागौरी ने पार्वती रुप में महादेव को पति के रुप पाने के लिए कठोर तपस्या की थी। इससे उनका शरीर कृष्णवर्णी हो गया । इस तपस्या से प्रसन्न होकर महादेव ने इनके शरीर पर पावन गंगाजल की धारा डाली। फौरन महामाता विद्युतप्रभा के समान कांतिमान गौरवर्ण की ही गई। तभी से इनका नाम महागौरी पड़ा। महादेव से दैवी शक्तियों हासिल करने के बाद महागौरी ने शुंभ-निशुंभ, चंड-मुंड, रक्तबीज आदि दैत्यों का संहार किया। इन्हें दुर्गा नाम भी दिया गया। महागौरी की उपमा शंख, चंद्र और कंद के फूल से की गई है। इनके समस्त वस्त्र, आभूषण आदि श्वेत है। इनकी चार भुजाएं हैं और वाहन वृषभ है। इनकी मुद्रा अत्यंत शांत है। मां की शक्ति अमोघ फल दने वाली है। माता महागौरी मनुष्य की वृत्तियों को सत और प्रेरित करके असत का विनाश करती हैं। गृहस्थों के लिए तो महागौरी की पूजा विशेष मंगलकारी मानी जाती है। महागौरी का आराधना मंत्र है-

श्वेते वृषे समारूढ़ा श्वेताम्बरधरा शुचिः।
महागौरी शुभं
दद्यान्महादेवप्रमोदया।।

### एनएच 30 स्थित बालेंगा पेट्रोल पम्प के पास हुआ हादसा

# तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक को लिया चपेट में, दो की मौत

**हादसे में मारे गए श्रमिक दोपहर में खाना खाने निकले थे**

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर/बस्तर





बस्तर थाना क्षेत्र के बालेंगा हाईवे में बुधवार दोपहर हुए सड़क हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे सवार दोनों युवकों की मौत हो गई। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि रायपुर से जगदलपुर की ओर आ रही तेज रफ्तार बोलेरो क्रमांक सीजी 04-5006 के चालक जगदलपुर निवासी हिमांशु चक्रवर्ती ने बालेगां हाईवे स्थित पेट्रोल पम्प के करीब सामने से आ रही बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गईद्ध वहीं पीछे बैठे युवक को तत्काल अस्पताल ले जाया गया लेकिन उपचार से पहले उसने भी दम तोड़ दिया। जानकारी के मुताबिक दुबे उमरगांव निवासी कमलेश व रामप्रसाद ग्राम बालेंगा में राजमिस्त्री का काम कर रहे थे। काम के बाद दोपहर में खाना खाने के लिए अपने घर दुबे उमरगांव जा रहे थे तभी रायपुर की ओर से आ रही बोलेरो के चालक ने तेज रफ्तार व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दी इस हादसे में दोनों युवकों की मौत हो गई। घटना की जानकारी लगते ही बस्तर पुलिस की पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची और घायल युवक को बस्तर अस्पताल पहुंचाया लेकिन उपचार से पहले उसने भी दम तोड़ दिया। दोनों शवों को पीएम के लिए मरच्यूरी में भिजवाकर बस्तर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**पीछे से आ रहे टेलर के नीचे घुसी बाइक**

हादसे के बाद दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को मौके से हटाकर आवाजाही बहाल की गई। पुलिस ने मृतकों के परिजनों को घटना की सूचना दे दी है। हादसे के बाद बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पहुंच गए। हादसा इतना जबरदस्त था कि बोलेरो वाहन से टकराने के बाद बाइक पीछे से आ रही टेलर के नीचे आ गई और पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

## बस्तर में हाईकोर्ट खंडपीठ की मांग पर होगा आंदोलन



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर में उच्च न्यायालय खंडपीठ स्थापित किए जाने की मांग को लेकर आंदोलन की रूप रेखा पर चर्चा की गई। आंदोलन में पूरे बस्तर संभाग के लोग शामिल हो इसे ध्यान न रखकर मांग पूरा होने तक आंदोलन संचालित हो उसके नेतृत्व का निर्णय लिया जाएगा। उच्च न्यायालय खंडपीठ की मांग को लेकर कार्य योजना पर शीघ्र ही एक विशेष बैठक बुलाई जाएगी, आंदोलन पूर्ण रूप से शांतिपूर्ण एवं गैर राजनीतिक होगा। उक्त बातें बुधवार को आयोजित पत्रवार्ता में बस्तर जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष विक्रमादित्य झा ने कही।

**■ संभाग स्तरीय आंदोलन पूर्ण रूप से शांतिपूर्ण व गैर राजनीतिक होगा : झा**

श्री झा ने कहा कि इसमें बस्तर संभाग के सभी जिला अधिवक्ता संघ व्यापारिक संगठन परिवहन संगठन सभी समाज के प्रतिनिधियों को शामिल किया जाएगा और सर्वसम्मति से आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी। जिस दिन मध्यप्रदेश का गठन हुआ उसी दिन 1 नवम्बर 1956 को जबलपुर उच्च न्यायालय की तथा ग्वालियर और इंदौर खण्डपीठ का गठन किया गया। इसी तरह अन्य राज्यों में भी खण्डपीठ का गठन हुआ। पत्रवार्ता के दौरान बस्तर जिला अधिवक्ता संघ के सचिव संतोष चौधरी, उपाध्यक्ष अवधेश कुमार झा और प्रीति वानखेडे, सह सचिव भारत सिंह सेठिया, कोषाध्यक्ष दिनबंधु रथ, सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा सचिव हेलिना मोजेस गिरिधरन, ग्रंथपाल ओम प्रकाश यादव, कार्यकारिणी सदस्य डॉ. संतोष जैन, परमजीत मोहना, रामऊराम मौर्य, संगीता श्रीवास्तव एवं अन्य शामिल रहे।

### सभी वर्गों के साथ बनेगी रूपरेखा

अध्यक्ष ने कहा कि पिछले अध्यक्ष के रूप में कार्यकाल के दौरान पंद्रह वर्ष पूर्व 13 मार्च 2011 को एक विस्तृत आवेदन छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायधिपति और राज्यपाल को प्रेषित किया था। आवेदन पर संज्ञान भी लिया था और उच्च न्यायालय की फुल कोर्ट की मीटिंग में उस समय आवेदन पर विचार कर आवेदन निरस्त कर दिया। कालान्तर में समय-समय पर इस संबंध में पत्र लिखे गये जिन पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। अब समय आ गया है कि समाज के सभी लोग इस पर मिलकर शांतिपूर्वक आंदोलन करें, जिसकी रूपरेखा समाज के सभी वर्गों के साथ बैठकर बनाई जाएगी।

## श्रीराम जन्मोत्सव पर बाइक रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



श्रीराम जन्मोत्सव के अंतर्गत विश्व हिंदू परिषद और श्रीराम जन्मोत्सव समिति ने भव्य बाइक रैली का आयोजन किया। विधायक एवं प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने भगवा ध्वज लहराते हुए रैली का शुभारंभ किया। नगर के प्रमुख चौक-चौराहों से गुजरते हुए यह रैली दंतेश्वरी मंदिर से मितली चौक,संजय मार्केट से अग्रसेन चौक,पीजी कॉलेज तक पहुंची और फिर पीजी कॉलेज से गीदम रोड, कलेक्ट्रेट, कोतवाली होते हुए मां दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण तक संपन्न हुई। विधायक किरण सिंह देव स्वयं बाइक पर सवार होकर रैली में शामिल हुए और स्थानीय लोगों का गर्मजोशी से अभिवादन करते नजर आए,जिससे पूरा माहौल उत्साहपूर्ण हो गया। शहरवासियों ने भी रैली का जोरदार स्वागत किया, जय श्रीराम के नारों से वातावरण गूंज उठा। रैली में विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों के साथ भारी संख्या ⏭ शेष पेज 12 पर

**■ विधायक किरण देव ने लहराया भगवा ध्वज**

## भाजपा का प्रशिक्षण अभियानः कार्यकर्ताओं में ऊर्जा का संचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



बस्तर जिले के ग्राम आसना में बुधवार को करपावण्ड मण्डल की प्रशिक्षण कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और विभिन्न विषयों पर गहन चर्चा हुई। कार्यशाला में प्रदेश अध्यक्ष किरण देव विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। ब्रेवरेज कार्पोरेशन अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी ने 'कार्य विस्तार की हमारी दृष्टि' विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिया, जिसमें उन्होंने संगठन की भविष्य की योजनाओं और विस्तार रणनीतियों पर प्रकाश डाला। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक उपाध्यक्ष श्रीनिवास मिश्रा ने 'हमारा इतिहास' विषय पर भाजपा के गौरवशाली सफर को विस्तार से बयान किया,जो कार्यकर्ताओं को प्रेरित करने वाला साबित हुआ। पूर्व विधायक डा सुभाऊ कश्यप ने वैचारिक अधिष्ठान पर गहन संबोधन दिया,जिसमें पं दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद सिद्धांत को केंद्र में रखा गया। शेष नारायण तिवारी ने भाजपा की कार्यपद्धति पर स्पष्ट जानकारी साझा की। जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने बूथ प्रबंधन के सूक्ष्म बिंदुओं पर बारीकी से प्रकाश डाला। कमलचंद भंजदेव ने छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को रेखांकित किया। योगेन्द्र पाण्डेय ने वर्तमान सरकार की प्रमुख उपलब्धियों का जिक्र किया,और आशुतोष आचार्य ⏭ शेष पेज 12 पर

**■ मण्डलवार कार्यशालाओं से संगठन को मिल रही मजबूती**



# पीएम 2.0 के हितग्राहियों को भवन अनुज्ञा, समय पर बना तो 32,600 प्रोत्साहन राशि

## नपा अध्यक्ष पटेल व उपाध्यक्ष जसकेतु ने की तय समय में आवास पूर्ण करने की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

नगर पालिका परिषद कोंडागांव द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के अंतर्गत स्वीकृत आवासों के लिए हितग्राहियों को भवन अनुज्ञा बिल्डिंग परमिशन प्रदान की गई। इस पहल से अब पात्र हितग्राही अपने आवास निर्माण कार्य को विधिवत रूप से प्रारंभ कर सकेंगे। योजना के तहत यह प्रावधान किया गया है कि यदि हितग्राही 18 महीने के भीतर अपने आवास का निर्माण पूर्ण कर लेते हैं, तो उन्हें 32,600 की अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। इससे हितग्राहियों को समयबद्ध निर्माण के लिए प्रोत्साहन मिलेगा और योजना का लाभ तेजी से आम लोगों तक पहुंचेगा। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी ने सभी हितग्राहियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह योजना आम नागरिकों को पक्का और सुरक्षित घर उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने हितग्राहियों से आग्रह किया कि वे निर्धारित समयसीमा के भीतर निर्माण कार्य पूर्ण करें, ताकि उन्हें योजना का पूरा लाभ मिल सके। जनप्रतिनिधियों ने यह भी कहा कि शासन द्वारा दी जा रही इस सुविधा का अधिकतम लाभ उठाने के लिए हितग्राही जिम्मेदारी के साथ कार्य करें और निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें।



### आवास के साथ बेहतर भविष्य की ओर कदम

*प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के माध्यम से कोंडागांव में आवासीय सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। जिससे जरूरतमंद परिवारों को सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर मिल रहा है। यह पहल 'हर परिवार का अपना घर' के संकल्प को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।*

## खबर संक्षेप



### खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में जिले के खिलाड़ी भी दिखाएंगे प्रतिभा

**कोण्डागांव।** भारत सरकार द्वारा खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के प्रथम संस्करण की मेजबानी छत्तीसगढ़ को सौंपी गई है, जो प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। यह प्रतियोगिता आज से 3 अप्रैलके बीच रायपुर, सरगुजा और बस्तर में आयोजित की जाएगी, जिसमें देशभर के खिलाड़ी भाग लेंगे। जिले के कई प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है, जिससे जिले में उत्साह का माहौल है। एथलेटिक्स में बिरझुराम और शेखर नेताम, फुटबॉल में संध्या नेताम और राशि पोयाम तथा हॉकी में सोबिका, सुलोचना, रविका नेताम और योगिता नेताम चयनित हुए हैं।

### बुनागांव की छात्र जानवी का नवोदय विद्यालय में चयन

**कोण्डागांव।** जिले के ग्राम बुनागाँव की कक्षा 5वीं की छात्र जानवी कौशिक का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए हुआ है। यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। जानवी की सफलता में शिक्षक सूरज नेताम और मोनिका साहू का विशेष योगदान रहा। उनके मार्गदर्शन में बच्चों को नियमित कोचिंग और विशेष तैयारी कराई जाती है, जिसके चलते अब तक 45 से अधिक छात्र विभिन्न आवासीय विद्यालयों में चयनित हो चुके हैं।



### बड़ेडोंगर के श्रम शिविर में 107 ने कराया पंजीयन



**फरसगांव।** शासन की मंशा के अनुरूप एवं कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देशानुसार जिला कोण्डागांव में निर्माण श्रमिकों एवं असंगठित कर्मकारों के पंजीयन, नवीनीकरण तथा विभागीय योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़ेडोंगर में मोबाइल पंजीयन एवं नवीनीकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन कार्यालय श्रम पदाधिकारी, जिला कोण्डागांव द्वारा किया गया, जिसमें कुल 107 श्रमिकों का पंजीयन किया गया। वहीं 14 नवीनीकरण किया गया। साथ ही मुख्यमंत्री मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना के तहत 1 आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर श्रमिकों को श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। शिविर में नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना, मिनीमाता महतारी जतन योजना, नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना सहित अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं के लाभ, पात्रता एवं आवेदन प्रक्रिया के बारे में बताया गया। अधिकारियों ने श्रमिकों से अधिक से अधिक संख्या में पंजीयन कराकर योजनाओं का लाभ लेने की अपील की।

### विधायक उसेंडी ने दी बड़ी सौगात, सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी शुभारंभ

# 10 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का विधायक ने किया भूमिपूजन- शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं विधायक सुश्री लता उसेंडी ने जिले में 10 करोड़ रुपये से अधिक लागत के विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं शिलान्यास किया। विधायक लता उसेंडी ने कार्यक्रम में 50 सीटर पोस्ट मैट्रिक अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या छात्रावास, 33/11 केवी नवीन उपकेंद्र लोहरापारा, जल संसाधन उपसंभाग कार्यालय भवन एवं हाईस्कूल भवन सहित 5 प्रमुख निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया गया। स्वरोजगार एवं कौशल विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महिलाओं के लिए सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम की भी शुरुआत की गई। विधायक ने कहा कि छात्रावास निर्माण से छात्राओं को बेहतर सुविधा मिलेगी, वहीं कौशल प्रशिक्षण से महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकेंगी।

■ छात्रावास भवन, बिजली उपकेंद्र सहित कई निर्माण कार्य शामिल



### बिजली और संसाधनों में होगा सुधार

करीब 4.90 करोड़ की लागत से विद्युत उपकेंद्र निर्माण से क्षेत्र में बिजली व्यवस्था सुदृढ़ होगी, जिससे विकास कार्यों को गति मिलेगी। नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विकास कार्यों की सराहना की।

### अधिकारियों व जनप्रतिनिधि रहे उपस्थित

कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना, जिला पंचायत अध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष, नगर पालिका प्रतिनिधि, अपर कलेक्टर, एसडीएम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। सहायक आयुक्त रुपेन्द्र तिवारी ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जबकि कार्यपालन अभियंता आर.एल. धीवर ने आभार व्यक्त किया।

### ग्राम रांधना में 84 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन



बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं विधायक सुश्री लता उसेंडी ने ग्राम रांधना में 84 लाख रुपये से अधिक लागत के 12 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इनमें 8 पंचायतों के विभिन्न निर्माण शामिल हैं, जिनके पूर्ण होने से ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाओं का सीधा लाभ मिलेगा। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व में संचालित योजनाओं, महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना आदि का लाभ सीधे हितग्राहियों के खातों में पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की आर्थिक सशक्तता से गांव, राज्य और देश की प्रगति सुनिश्चित होगी। कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती जुगबती पोयाम, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती भगवती नेताम सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी–कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# भाभी पर जानलेवा हमला आरोपी देवर गिरफ्तार





हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव

थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम सोनाबेडा टाटीपारा निवासी श्रीमती रमूला मरकाम पति सन्तुराम मरकाम निवासी को उसका देवर अनत लाल मरकाम में 27 फरवरी को मोबाइल की बात को लेकर गालीगलौज करते हुए जानलेवा हमला किया। भाभी रमुला मरकाम के सर पर वार कर चोटिल कर दिया। रमूला के सर, दाहिना हाथ के अंगुली में गंभीर चोंट आई , जिसे उपचार हेतु फरसगांव अस्प्ताल से बेहतर उपचार हेतु रायपुर अस्प्ताल में ईलाज करवाया गया।

पीड़ति महिला के भाई प्रार्थी कोर्राबढ़गांव निवासी रामु राम नेताम की रिपोर्ट पर फरसगांव थाना पुलिस ने अपराध कमांक 15/2026 धारा 296, 351 (3), 109 (1) बीएनएस. पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण की गंभीरता एवं संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव पंकज चंद्रा के निर्देशन और पुलिस अनुविभागीय अधिकारी फरसगांव अभिनव उपाध्याय के पर्यवेक्षण में विवेचना के दौरान आरोपी अनत लाल मरकाम पिता श्यामलाल मरकाम उम्र 29 वर्ष निवासी टाटीपारा सोनाबेड़ा को हिरासत में लिया गया, और उसे थाना लाकर पुछताछ करने पर उसने अपना जुर्म करना स्वीकार किया। जिसके बाद आरोपी देवर को विधिवत गिरफ्तार कर वैधानिक कार्यवाही के बाद बुधवार को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। इस उक्त कार्रवाई में निरीक्षक चन्द्रशेखर श्रीवास थाना प्रभारी, उप निरीक्षक शशीभूषण पटेल, प्रधान आर. राजकुमार बंजारे, कृष्ण कुमार सेठिया, रतिराम मण्डावी की उल्लेखनीय भूमिका रही है।

# मर्दापाल में शराब दुकान खोलने का हुआ विरोध



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव/कोण्डागांव

ग्राम पंचायत मर्दापाल क्षेत्र में प्रस्तावित देशी-विदेशी मदिरा दुकान के विरोध में ग्रामीणों व सामाजिक संगठनों ने 25 मार्च को जिला कार्यालय पहुंच कलेक्टर को आवेदन सौंपकर निविदा प्रक्रिया निरस्त करने की मांग की है। आवेदन में कहा गया है कि आबकारी विभाग द्वारा जारी आदेश के तहत शराब दुकान संचालन के लिए निविदा आमंत्रित की गई है, जिसकी अंतिम तिथि 30 मार्च निर्धारित है। ग्रामीणों का कहना है कि मर्दापाल क्षेत्र में शराब दुकान खुलने से सामाजिक माहौल पर विपरीत असर पड़ेगा। इसका दुष्प्रभाव खासकर युवाओं पर पड़ेगा और क्षेत्र में अपराध, घरेलू हिंसा व अन्य सामाजिक समस्याओं में बढ़ोतरी की आशंका है। आवेदन में उल्लेख किया गया है कि इससे गांव, परिवार और समाज की व्यवस्था प्रभावित होगी। आवेदनकर्ताओं ने कलेक्टर से मांग की है कि जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए मर्दापाल क्षेत्र में शराब दुकान खोलने की प्रक्रिया एवं आमंत्रित निविदा को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए। साथ ही चेतावनी दी है कि मांग पूरी नहीं होने पर ग्रामीण आंदोलन के लिए बाध्य होंगे, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

■ ग्रामीणों ने कलेक्टर को दिया आवेदन

### ये रहे उपस्थित

ज्ञापन सौंपने के दौरान सर्व आदिवासी समाज मर्दापाल के ब्लॉक अध्यक्ष रामनाथ नाग, बलिराम सोढ़ी, धनारू राम सोढ़ी, सुधर पोयम, उमेश मांडवी सरपंच अधकली, दयाराम कश्यप, धीरज बघेल, राजेश सोढ़ी,जयाराम मांडवी सरपंच मटवाल सहित एसटी, एससी, ओबीसी समाज के लोग उपस्थित रहे।

# जिले के 7673 हितग्राहियों के खातों में पहुंची 7.67 करोड़ से अधिक राशि

भूमिहीन कृषि मजदूरों को बड़ी राहत, मुख्यमंत्री ने योजना अंतर्गत हितग्राहियों के खातों में राशि की अंतरित



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बलौदाबाजार में आयोजित कार्यक्रम में दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के तहत प्रदेश के 4.95 लाख से अधिक पात्र परिवारों के लिए 495 करोड़ 96 लाख 50 हजार रुपये की राशि अंतरित की। इसमें कोण्डागांव जिले के 7673 हितग्राही भी शामिल हैं, जिनके खातों में 7 करोड़ 67 लाख 30 हजार रुपये की राशि सीधे अंतरित की गई। मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यक्रम के दौरान वर्चुअल माध्यम से जिले के हितग्राही कन्हैयालाल कौशिक से संवाद कर योजना के लाभ एवं उपयोग की जानकारी ली। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं विधायक सुश्री लता उसेण्डी के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें हितग्राहियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

### योजना से आर्थिक मजबूती मिलेगी : विधायक

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सुश्री लता उसेण्डी ने कहा कि यह योजना भूमिहीन कृषि मजदूरों के लिए अत्यंत लाभकारी है। इससे उन्हें आर्थिक संबल मिलेगा और उनके परिवार की आवश्यकताओं की पूर्ति बेहतर ढंग से हो सकेगी। नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, उपाध्यक्ष जसकेतु उसेण्डी, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष टोमेन्द्र ठाकुर एवं जिला पंचायत सदस्य नन्दलाल राठौर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी योजना को श्रमिकों के सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।

### हर वर्ष मिलेगी 10 हजार रुपये की सहायता

दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के तहत पात्र परिवारों को प्रति वर्ष 10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है जिससे उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो सके। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर, एसडीएम, संयुक्त कलेक्टर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और बड़ी संख्या में हितग्राही उपस्थित रहे।

# कार्यकर्ताओं को अंत्योदय सिद्धांत एवं योजनाओं की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धनोरा

ग्राम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के तहत स्थानीय कार्यकर्ता एवं को विभिन्न योजनाओं, सामाजिक विकास और आत्मनिर्भरता से जुड़े विषयों पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता की सहभागिता देखने को मिल रही है। प्रशिक्षकों द्वारा प्रतिभागियों को पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों, उनके अंत्योदय सिद्धांत एवं समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने के उद्देश्य की जानकारी दी जा रही है। इस दौरान उपस्थित लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने, स्वरोजगार को बढ़ावा देने तथा गांव के समग्र विकास में भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं ने इस महाअभियान को ज्ञानवर्धक बताते हुए ऐसे आयोजनों को आगे भी जारी रखने की मांग की है।

■ भाजपा का पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान



# उल्लास महापरीक्षा में 10 हजार से अधिक परीक्षार्थियों ने लिया हिस्सा



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम' के अंतर्गत 22 मार्च को जिले में महापरीक्षा का सफल आयोजन किया गया। अभियान के तहत कुल 14,470 शिक्षार्थियों का पंजीयन हुआ था। जिनमें से 10,570 परीक्षार्थियों ने उत्साहपूर्वक परीक्षा में भाग लिया। जिले के सभी पांचों विकासखंडों में बनाए गए 469 परीक्षा केंद्रों पर यह महापरीक्षा आयोजित की गई। 15 वर्ष से अधिक आयु के निरक्षर नागरिकों ने साक्षर बनने के संकल्प के साथ परीक्षा में भाग लिया। यह अभियान वर्ष 2027 तक देश को पूर्ण साक्षर बनाने के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। देवखरगांव स्थित साक्षरता पुनर्वास केंद्र को आदर्श परीक्षा केंद्र बनाया गया, जहां शिक्षकों और स्वयंसेवियों का विशेष योगदान रहा। इस महाअभियान की सफलता में जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग के अधिकारियों, शिक्षकों एवं ग्राम प्रभारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# वारिसों को 16 लाख रुपए की आर्थिक सहायता हुई स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

कलेक्टर श्रीमती नुपुर राशि पन्ना ने प्राकृतिक आपदा से प्रभावित परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। कलेक्टर द्वारा कुल 4 प्रकरणों में वारिसों को 16 लाख रुपये की अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। केशकाल तहसील के ग्राम कोहकामेटा निवासी सुरेश की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी उत्तराबाई को 4 लाख रुपये प्रदान किए गए। इसी प्रकार धनोरा तहसील के ग्राम मोदेबेड़मा निवासी सुकलूराम मरापी की डूबने से मृत्यु पर उनकी पत्नी जगनी मरापी को 4 लाख रुपये की सहायता दी गई। माकड़ी तहसील के ग्राम मिरमिंडा निवासी अमृत की सर्पदंश से मृत्यु होने पर उनके माता–पिता सुलो और मंगउ को 4 लाख रुपये प्रदान किए गए। वहीं केशकाल तहसील के ग्राम बटराली निवासी कार्तिक की डूबने से मृत्यु पर उनकी माता कामेश्वरी को 4 लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को निर्देशित किया है कि स्वीकृत सहायता राशि शीघ्र ही लाभार्थियों के बैंक खातों में हस्तांतरित की जाए, ताकि प्रभावित परिवारों को त्वरित राहत मिल सके।

## विश्रामपुरी मेले में राहगीरों को पूर्व विधायक ने पिलाया शरबत व ठंडा पेय

# मेला-मड़ई छत्तीसगढ़ की समृद्ध परंपरा और संस्कृति की पहचानः नेताम

हरिभूमि न्यूज ⏭ केशकाल

बड़ेराजपुर विकासखंण्ड अंतर्गत ग्राम विश्रामपुरी में आयोजित पारंपरिक मड़ई मेला में पूर्व विधायक संतराम नेताम ने देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर श्री नेताम ने कहा कि मेला-मड़ई छत्तीसगढ़ की समृद्ध परंपरा और संस्कृति की पहचान है। यह अवसर अपनों से मिलने और संपर्क का माध्यम होता है। इससे हमारी युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति को जानने समझने का मौका मिलता है। केशकाल के पूर्व विधायक संतराम नेताम अपने सादगीपूर्ण अंदाज और जनसेवा के कार्यों के लिए जाने जाते हैं। आज विश्रामपुरी मेले के अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भीषण गर्मी और उमस के बीच राहगीरों को शरबत व ठंडा जल पिलाया। वे अपने कार्यकर्ताओं के साथ स्टाल लगाकर दिन भर लोगों को शर्बत व ठंड पेय पिलाते रहे। इस विषय पर संतराम नेताम ने कहा कि सेवा धर्म हमारी सनातन संस्कृति का अभिन्न अंग है, इसके पालन से पुण्य की प्राप्ति होती है।

■ युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति व परंपरा को जानने का मिलता है अवसर



### ये रहे उपस्थित

संतराम नेताम विश्रामपुरी क्षेत्र के ही निवासी हैं और वहाँ के सामाजिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से कोंडागांव जिला पंचायत उपाध्यक्ष हिरासिंह नेताम, कमलेश ठाकुर, रामचरण शोरी, सुकमन नेताम, नारायण नेताम व स्थानीय जनप्रतिनिधि, के पदाधिकारीगण और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## पेज 11 के शेष

### श्रीराम जन्मोत्सव ...

में युवा शामिल हुए,जो भगवा झंडे थामे राम भक्ति में डूबे दिखे। विशाल रैली का समापन हनुमान चालीसा का साथ हुआ। अंत में मां दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण में हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ, मां दंतेश्वरी की आरती, प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### भाजपा का प्रशिक्षण ...

ने सोशल मीडिया तथा एआई के बेहतर उपयोग पर आधुनिक तकनीकी सुझाव दिए। कार्यशाला का कुशल संचालन जिला महामंत्री परीस बेसरा ने किया,जिससे सभी सत्र सुचारू रूप से चले।

**ये रहे उपस्थितः** कार्यशाला में जिला महामंत्री रजनीश पाणिग्राही, ललिता बघेल,रामकुमारी यादव, सफीरा साहू,लखीधर बघेल, खीतेश मौर्य,आलोक अवस्थी,रोहित त्रिवेदी,कृष्ण कुमार शुक्ला, करपावण्ड मण्डल अध्यक्ष तरूण पाण्डेय,प्रकाश झा,अविनाश श्रीवास्तव,सुधा मिश्रा,अभिलाष यादव,विषय ठाकुर, अमरदेव भारती,मेघनाथ नाग,पुलकेश्वर पाण्डेय,लखमू नेताम,विनय सोना,अविनाश गौतम,विनय राजू,मनी विक्रम नायडू, विनोद पाण्डेय,बृजेश कपूर, रमेश नायडू,योगेश पाणिग्रही,नरेन्द्र नाग,राज पाण्डेय, अरूणेन्द्र शुक्ला,राजा यादव आदि बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

## बैठक में विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा



**गीदम।** गीदम ब्लॉक के ग्राम पंचायत झोड़ियांबाडम में ग्राम सभा की बैठक हुई। इस दौरान ग्राम पंचायत सरपंच लक्ष्मीनाथ पोडियम, क्षेत्र के जनपद सदस्य पवन कुमार कर्मा की उपस्थिति में विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, अमृत जल मिशन योजना एवं पंचायत में चल रही अन्य विकास कार्यों के बारे में चर्चा हुई। इस दौरान जन प्रतिनिधियों ने कहा कि पंचायत में जो भी गतिविधियां चलेगी सभी को हिस्सा लेना है और सभी को उपस्थित रहना है तभी शासन की योजना के बारे में जानकारी विस्तार में मिलते रहेगी। इस बैठक में उपसरपंच, वार्ड पंच व अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

## लू से सावधान, दोपहर में बाहर निकलने से बचें

**बीजापुर।** ग्रीष्म ऋतु की शुरुआत के साथ बढ़ती गर्मी को देखते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीआर पुजारी, जिला बीजापुर द्वारा लू (हीट वेव) से बचाव के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। आमजन से अपील की गई है कि लू के प्रभाव को गंभीरता से लेते हुए सतर्क रहें और स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। गर्मी बढ़ने के साथ लू लगने की संभावना भी बढ़ जाती है। लू लगने पर सिर भारी होना, तेज सिरदर्द, बुखार, मुंह सूखना, चक्कर आना, उल्टी, कमजोरी, अत्यधिक प्यास लगना, शरीर का तापमान बढ़ना लेकिन पसीना न आना तथा बेहोशी जैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं। स्वास्थ्य विभाग ने सलाह दी है कि अत्यावश्यक कार्य न हो तो दोपहर के समय घर से बाहर न निकलें। बाहर जाते समय सिर और कान को कपड़े से ढंकें, हल्के और सूती कपड़े पहनें तथा नियमित रूप से पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें। लंबे समय तक धूप में रहने से बचें।

# पोस्टमार्टम में देरी पर हंगामा, सड़क पर शव रखकर किया प्रदर्शन

- समय पर पोस्टमार्टम नहीं होने से शव खराब होने की स्थिति में पहुंच रहा था
- नदी में डूबने से हुई थी युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दोरनापाल



जिले के किरकिपाल निवासी फूल कुमार बघेल की नदी में डूबने से हुई मौत के बाद पोस्टमार्टम में हो रही देरी को लेकर बुधवार को जमकर हंगामा हुआ।

नाराज परिजनों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय में प्रदर्शन करते हुए शव को सड़क पर रख दिया।

जानकारी के अनुसार, फूल कुमार बघेल का मंगलवार को नदी में डूबने से मौत हो गया था। घटना के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए पहले छिंदगढ़ अस्पताल लाया गया, जहां से उसे सुकमा जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। परिजनों का आरोप है कि मंगलवार से लेकर अब तक पोस्टमार्टम नहीं किया गया, जिससे उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

पोस्टमार्टम में देरी से आक्रोशित परिजन कांग्रेस जिला अध्यक्ष हरीश कवासी के नेतृत्व में सड़कों पर उतर आए। प्रदर्शनकारियों ने कलेक्टर कार्यालय और जिला अस्पताल के सामने शव रखकर विरोध जताया और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की।

प्रदर्शनकारियों का कहना है कि समय पर पोस्टमार्टम नहीं होने से शव खराब होने की स्थिति में पहुंच रहा है, जिससे प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने मांग की कि तत्काल पोस्टमार्टम कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।


मौके पर स्थिति को संभालने के लिए प्रशासन और पुलिस के अधिकारी पहुंचे और प्रदर्शनकारियों को समझाइश देने का प्रयास किया। खबर लिखे जाने तक प्रदर्शन जारी था।

## बाल विवाह पर सख्ती, विकास पर एकजुटता

# शिक्षा, स्वास्थ्य और जागरूकता से ही बदलेगा बीजापुर का भविष्य : मिश्रा

**कलेक्टर की सर्व समाज के साथ अहम बैठक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने और शिक्षा, स्वास्थ्य सहित समग्र विकास को गति देने के उद्देश्य से कलेक्टर संबित मिश्रा ने सर्व समाज के प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक में समाज में व्याप्त कुरीतियों, विशेषकर बाल विवाह जैसी गंभीर समस्या पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में उपस्थित सभी समाज प्रमुखों ने एकमत होकर बाल विवाह जैसी कुप्रथा को समाप्त करने का संकल्प लिया। साथ ही सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को इसके दुष्परिणामों से अवगत कराने पर जोर दिया गया।

- प्रत्येक स्कूल में कम से कम दो शिक्षकों की तैनाती सुनिश्चित

कलेक्टर ने जिले में कुपोषण और एनीमिया की गंभीर स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि कम उम्र में विवाह, गर्भावस्था के दौरान नियमित स्वास्थ्य जांच की कमी और जागरूकता के अभाव के कारण माताओं और नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने यह भी बताया कि दूरस्थ इलाकों में मलेरिया जैसी बीमारियां अभी भी बड़ी चुनौती बनी हुई हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व में माओवाद प्रभावित क्षेत्र होने के कारण कई अंदरूनी क्षेत्रों तक शासकीय योजनाओं और जागरूकता अभियानों की पहुंच नहीं हो पाती थी, जिससे समस्याएं बढ़ीं। लेकिन अब हालात सामान्य होने पर समाज के सहयोग से बड़े स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने पर विशेष जोर देते हुए कलेक्टर ने नई शिक्षा नीति के अनुरूप सुधार लाने, स्कूल छोड़ चुके और अप्रवेशी बच्चों को फिर से मुख्यधारा से जोड़ने के लिए सख्त कदम उठाने की बात कही। उन्होंने स्पष्ट किया कि अशिक्षा विकास में सबसे बड़ी बाधा है और इससे समाज में नकारात्मक प्रवृत्तियां जन्म लेती हैं। कलेक्टर ने जानकारी दी कि पहले माओवाद के कारण नष्ट हुए स्कूल अब पुनः संचालित हो रहे हैं। अधिकांश स्थानों पर पक्के भवन स्वीकृत हो चुके हैं और शेष स्कूलों के लिए भी जल्द स्वीकृति दी जाएगी। प्रत्येक स्कूल में कम से कम दो शिक्षकों की तैनाती सुनिश्चित की गई है तथा आवश्यकता अनुसार अतिरिक्त व्यवस्था भी की जाएगी।

आगामी शैक्षणिक सत्र में हर बच्चे को स्कूल से जोड़ने के लिए समाज से सक्रिय भागीदारी की अपील की गई। बैठक में आवासीय विद्यालयों की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने, सीसीटीवी निगरानी, नियमों में कड़ाई और नियमित स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित करने पर भी चर्चा की गई।

इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत नम्रता चौबे, सीएमएचओ डॉ. बी.आर. पुजारी, जिला शिक्षा अधिकारी लखनलाल धनेलिया, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास देवेन्द्र सिंह पटले, डीएमसी भवानी शंकर रेड्डी सहित सर्व आदिवासी समाज, कंवर समाज,दोरला, गोंड, मुरिया, हल्बा, परधान, कुम्हार, सतनामी, मुस्लिम एवं ब्राह्मण समाज सहित विभिन्न समाज के प्रमुख प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

सभी ने एक स्वर में जिला प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर बच्चों के उज्ज्वल भविष्य और बीजापुर के समग्र विकास के लिए निरंतर सहयोग देने का संकल्प लिया।

# पुस्तकें ज्ञान का स्रोत, उनका दान समाज को शिक्षित बनाने में महत्वपूर्ण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

विकासखंड बस्तर में पुस्तक दान अभियान के तहत रथ वाहन ब्लॉक मुख्यालय बस्तर पहुंची। नगर पंचायत बस्तर में उत्साहपूर्वक किया गया। इस प्रेरणादायक कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष संतोष बघेल, पार्षद समीर मिश्रा, सीईओ भानुप्रताप चुरेन्द्र सहित जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं पुस्तकों के माध्यम से ज्ञान का प्रसार करना है। कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीणजन, शिक्षक एवं कर्मचारी अपने-अपने घरों से उपयोगी, ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक पुस्तकों का दान कर रहे हैं, ताकि इन पुस्तकों का लाभ अधिक से अधिक लोगों, विशेषकर बच्चों और विद्यार्थियों को मिल सके।

संग्रहित पुस्तकों को जिला स्तर पर स्थापित संग्रहालय/पुस्तकालय में सुरक्षित रखा जाएगा, जहां से छात्र-छात्राएं एवं आमजन इनका उपयोग कर अपने ज्ञान में वृद्धि कर सकेंगे। यह पहल न केवल पुस्तकों के सदुपयोग को बढ़ावा देगी, बल्कि पढ़ने की संस्कृति को भी सशक्त बनाएगी।

कार्यक्रम के दौरान विकासखंड शिक्षा अधिकारी भारती देवांगन व एबीईओ सुशील कुमार तिवारी द्वारा पुस्तक दान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पुस्तकें ज्ञान का अमूल्य स्रोत हैं और उनका दान समाज को शिक्षित एवं सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने सभी ग्रामवासियों से इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। विकासखंड स्रोत समन्वयक अजम्भर कोर्राम ने कहा कि पुस्तक दान अभियान एक सराहनीय पहल है, जो समाज में शिक्षा, जागरूकता एवं बौद्धिक विकास को नई दिशा प्रदान करेगी। इस अभियान के माध्यम से भविष्य में एक समृद्ध एवं ज्ञानवान समाज के निर्माण की आधारशिला रखी जा रही है।

## रेशम बोर्ड के सेवानिवृत्त अधिकारियों ने सीएसबी बीएसएमटीसी बस्तर का किया दौरा



हरिभूमि न्यूज : बस्तर

24 मार्च को केन्द्रीय रेशम बोर्ड के वरिष्ठ सेवानिवृत्त अधिकारियों ने सीएसबी बीएसएमटीसी बस्तर का दौरा किया। जहां उन्होंने डीएफएल उत्पादन बढ़ाने के लिए सर्वोत्तम ग्रेनेज प्रथाओं पर मूल्यवान अंतर्दृष्टि साझा की। इस अवसर पर उन्हें 75 रुपये के स्मारक सिक्कों के वितरण के साथ सम्मानित किया गया।

सीएसबी- बीएसएमटीसी बस्तर के अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपनी विशेषज्ञता साझा करने के लिए वरिष्ठों के प्रति आभार व्यक्त किया और सदस्य सचिव केन्द्रीय रेशम बोर्ड और निदेशक सीसेबी बीटीएसएसओ बिलासपुर और टीम को यह अवसर देने के लिए धन्यवाद दिया।

# नवरात्र पर रामायण महोत्सव व रामलीला का मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम





समलूर स्थित तपेश्वरी माता मंदिर परिसर में चैत्र नवरात्र पर्व पर रामायण महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न रामायण मंडलियों ने बारी-बारी से रामचरित मानस की चौपाइयों का सस्वर गायन कर विभिन्न प्रसंगों पर टीका प्रस्तुत किया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में भक्तजनों ने उपस्थित होकर रामायण कथा का रसपान किया।

- राम भक्तिमय वातावरण से सराबोर हुआ समलूर

जिन मानस मण्डलियों ने इसमें भाग लिया, उनमें घलर लोक कला, सांस्कृतिक व मानस मण्डली घोटपाल, सदा प्रेमानन्द मानस मण्डली भूतपदर गीदम, कल्कि रामायण मण्डली चन्देनार, स्वर धारा मानस परिवार पेन्टा, माड़िया मानस मण्डली गुमड़ा, तुलसी रामायण मण्डली नयापारा मंझारपारा बालूद, जय माँ दन्तेश्वरी मानस परिवार बचेली, माँ तपेश्वरी रामायण मण्डली समलूर के सदस्य शामिल थे। यह आयोजन माँ तपेश्वरी रामायण मण्डली एवं समस्त ग्रामवासी समलूर व माँ दन्तेश्वरी मानस संघ जिला दन्तेवाड़ा के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

### रामलीला का हुआ मंचन

रामायण महोत्सव के उपरांत इसी मंच पर कुआकोंडा ब्लॉक के ग्राम पेंटा के कलाकारों ने रामलीला का मंचन किया, जो देर रात तक चला। दर्शकों ने पूरे समय तक मौजूद रहकर रामलीला का लुत्फ उठाया।

### स्थापित हुए ज्योति कलश

तपेश्वरी माता मंदिर में इस वर्ष भी चैत्र नवरात्र पर ज्योति कलश स्थापित किए गए हैं, जिनमें श्रद्धालुओं ने भी कलश जलवाया है। रोजाना यहां अनुष्ठान किए जा रहे हैं।

## कुसुम की यह सफलता संभाग के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड/घाटलोहंगा

बस्तर हेरिटेज मैराथन में 42 किलोमीटर की कठिन दौड़ में प्रथम स्थान हासिल कर ग्राम पंचायत मधोता की प्रतिभाशाली आदिवासी बेटी कुसुम शार्दुल ने पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस

- बस्तर की बेटी कुसुम शार्दुल ने रचा इतिहास, विधायक ने किया सम्मानित

ऐतिहासिक उपलब्धि पर बस्तर विधायक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा में उपनेता प्रतिपक्ष लखेश्वर बघेल ने उन्हें अपने निवास स्थान पर सम्मानित कर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। विधायक ने कहा कि कुसुम शार्दुल की यह सफलता पूरे बस्तर संभाग के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है। उन्होंने बताया कि सीमित संसाधनों के बावजूद इस मुकाम तक पहुंचना कुसुम की मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प को दर्शाता है। यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए सम्मान की बात है। बस्तर की बेटियां आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। कुसुम शार्दुल की यह सफलता अन्य युवाओं, विशेषकर बेटियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी और उन्हें अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रोत्साहित करेगी। इस अवसर पर उन्होंने कुसुम शार्दुल को श्रीफल, शॉल एवं सहयोग राशि भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने भरोसा जताया कि कुसुम आने वाले समय में राज्य, देश और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बस्तर का नाम और ऊंचा करेंगी। अंत में उन्होंने कहा कि क्षेत्र की प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा, ताकि वे अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन कर सकें।

## विधायक ने हिंगलाज माता का दर्शन कर की सुख-समृद्धि की कामना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

चैत्र नवरात्रि पंचमी तिथि के अवसर पर दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी ने श्रद्धा, भक्ति एवं आस्था के साथ बकावण्ड ब्लाक में स्थित रियासत कालीन प्राचीन मूल हिंगलाज माता मंदिर के दर्शन किए।

इससे पूर्व गिरोला स्थित माँ हिंगलाजिन मंदिर में विधिवत दर्शन-पूजन कर विधानसभा सहित राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। विकासखंड बकावंड अंतर्गत बेड़ागांव, सोनपुर पंचायत स्थित प्राचीन मूल माँ हिंगलाजिन मंदिर वनांचल में बसे छोटे से गांव में स्थित इस रियासत कालीन मंदिर का इतिहास अत्यंत प्राचीन और गौरवशाली है। यहां देवी सती के अंग मस्तक से प्रादुर्भावित माता हिंगलाजिन के रूप स्थापित है। बस्तर एवं उड़ीसा के करीब 450 से अधिक हिंगलाजिन मंदिरों की उद्गम स्थली है। इस मंदिर के शिष्यों ने ही आसपास अन्य मंदिर स्थापित किए। चैत्र नवरात्र की नवमी तिथि में यहाँ विशाल मेला लगता है जिसमे 450 से अधिक हिंगलाज मंदिर के पुजारी उपस्थित होते हैं।और पूरे वर्ष भर भक्तों द्वारा की गई मनोकामना इस मंदिर पर अर्पित करते हैं ताकि उन सभी भक्तों की मनोकामना मूल मंदिर में स्थित माता पूर्ण करें। मंदिर दर्शन के दौरान ठाकुर अजय सिंह बैस अध्यक्ष एवं संरक्षक, बैस मालगुजार परिवार से आत्मीय भेंट कर धार्मिक एवं सामाजिक विषयों पर सार्थक चर्चा की गई।

- चैत्र नवरात्र की नवमी तिथि में यहां लगेगा विशाल मेला

## बड़ेबेड़मा में हुआ जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर

**दंतेवाड़ा।** आज जनपद पंचायत कटेकल्याण के ग्राम पंचायत बड़ेबेड़मा में जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में कुल 192 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 43 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों ने अपनी संचालित योजनाओं के संबंध में ग्रामीणजनों को जानकारी दी व लाभान्वित होने के लिए आवेदन करने हेतु प्रेरित किया, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जितेंद्र सोरी, जिला पंचायत सदस्य, हिरमा कवासी, अध्यक्ष जनपद पंचायत कटेकल्याण, भीमसेन मंडावी उपाध्यक्ष जनपद पंचायत कटेकल्याण एवं जनपद सदस्य, सरपंच, पंच व संबंधित सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## राहत व पुनर्वास कार्यों की समीक्षा, पीड़ितों को सहायता और नियुक्ति प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा




कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव की अध्यक्षता में जिला कार्यालय के डंकनी सभाकक्ष में जिला स्तरीय राहत एवं पुनर्वास समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूर्व में 16 फरवरी को दिए गए निर्देशों के पालन की समीक्षा करते हुए नक्सल प्रभावित परिवारों, आत्मसमर्पित नक्सलियों तथा पुनर्वास से जुड़े विभिन्न मामलों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में जानकारी दी गई कि आत्मसमर्पित नक्सलियों के चिकित्सा प्रतिपूर्ति हेतु कार्यालयीन आदेश जारी कर 5 लाख 31 हजार 234 रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। वहीं नक्सल पीड़ित परिवारों को राहत प्रदान करने के तहत एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए स्वर्गीय आयतु कुंजाम के पुत्र संजीव कुंजाम को शासकीय सेवा में नियुक्ति देने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है, जिसके लिए संबंधित विभाग को पत्र प्रेषित किया गया है। इसके साथ ही पुनर्वास नीति के अंतर्गत भू-खण्ड सुविधा के मामले में भी प्रगति हुई है। इसके अलावा नक्सल हिंसा में मृतक जोगा पोड़ियाम की पत्नी बागी पोड़ियामी को दंतेवाड़ा में आवास हेतु 8 लाख रुपये की राशि, नक्सली हिंसा में मृत स्व. मनार अकाली की पत्नी मोतीबाई तथा स्व. हड़मा हेमला के परिजनों को 5-5 लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत कर राहत प्रदान की गई है।

## पहुरनार में जल संरक्षण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल महा उत्सव पखवाड़ा का समापन कार्यक्रम विकासखंड गीदम के ग्राम पंचायत पहुरनार में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कार्यपालन अभियंता के निर्देशन में किया गया, जिसमें विभाग के सहायक अभियंता, उप अभियंता सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने जल जीवन मिशन के उद्देश्यों, कार्यप्रणाली एवं दीर्घकालिक लाभों की जानकारी देते हुए ग्रामवासियों को नल-जल योजना के सुचारू संचालन में सामुदायिक सहभागिता के महत्व से अवगत कराया। इस अवसर पर वीडब्ल्यूएससी सदस्यों, जल बहिनियों, नल-जल मित्रों एवं ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी रही। जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु बालक आश्रम के बच्चों ने रंगोली बनाकर संदेश दिया, वहीं महिलाओं एवं बच्चों ने जल बचाओ के नारे के साथ रैली निकाली।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### पुस्तक विमोचन व बस्तर भूषण सम्मान कल

**जगदलपुर।** नव जनरंग सांस्कृतिक संस्था द्वारा 27 मार्च विश्व रंगमंच दिवस पर रंगकर्मी जीएस मनमोहन द्वारा लिखित पुस्तक मेरी रंग यात्रा मंच पर मंच परे का विमोचन एवं रंगकर्मी स्व. सत्यजीत भट्टाचार्य की स्मृति में दिए जाने वाला बस्तर भूषण सम्मान रंगकर्मी एवं बहुमुखी प्रतिभा के धनी विश्वजीत भट्टाचार्य को प्रदान किया जायेगा। इस महत्वपूर्ण आयोजन में अतिथि के रूप में विधायक किरण सिंह देव, जगदलपुर, छग राज्य बेवरेज कार्पोरेशन श्रीनिवास राव मद्दी, महापौर संजय पाण्डे, रंगकर्मी एमए रहीम, एवं सुभाष पाण्डे सहित रंगकर्मी उपस्थित रहेंगे। नव जनरंग के निदेशक जीएस मनमोहन ने बताया कि कार्यक्रम 27 मार्च को संध्या 7.30 बजे बस्तर आर्ट गैलरी दलपत साम के पास में सम्पन्न होगा।

### सपनों का अपना आशियाना अब आसान

**जगदलपुर।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के घटक एएचपी के तहत 'मोर मकान मोर आस (किरायानिती)' योजना शुरू हो गई है। निगम क्षेत्र में किराए के मकान में रहने वाले परिवार अब अपना खुद का घर पा सकते हैं।
इस योजना का लाभ उन परिवारों को मिलेगा,जिनके पास स्वयं की कोई भूमि या मकान नहीं है,पारिवारिक आय सालाना तीन लाख रुपये से कम है और वे निगम क्षेत्र में 31 अगस्त 2015 से पहले से निवासरत हैं। योग्य परिवार आसानी से आवास प्राप्त कर सकेंगे। ऑनलाइन आवेदन के लिए निगम कार्यालय की प्रधानमंत्री आवास योजना शाखा से संपर्क करें। साथ ही, पूर्व प्राप्त आवेदनों की दावा-आपत्ति सूची निगम कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा कर दी गई है। यदि किसी को कोई आपत्ति है, तो वे 30 मार्च तक कार्यालयीन समय में आवेदन जमा कर सकते हैं। यह योजना गरीब परिवारों को मकान का सपना साकार करने में बड़ी मदद साबित होगी। अधिक जानकारी के लिए निगम कार्यालय विजिट करें।

### नवरात्रि पर हवन व भंडारा




**जगदलपुर।** चैत्र नवरात्री पर बुधवार को शहर के विभिन्न देवी मंदिरों में हवन एवं भंडारा का आयोजन किया गया। धरमपुरा रोड में स्थित सांई मंदिर में भक्तों ने हवन किया। साथ ही अनुपमा टॉकीज के सामने मिथिला समाज द्वारा संकट मोचन हनुमान मंदिर के भंडारा में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

### शकील ने लिया ब्रॉन्ज मेडल



**जगदलपुर।** पांचवें खेलो मास्टर्स इंडिया गेम चंडीगढ़ में आयोजित का किया गया। बस्तर संभाग से 15 खिलाड़ियों ने विभिन्न आयु वर्ग के फुटबॉल टीम में अपना हिस्सा लेकर 30 प्लस में सिल्वर, 40 प्लस में सिल्वर और 50 प्लस की टीम में ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। टीम में शामिल शकील खान द्वारा में खिलाड़ी के रूप में ब्रॉन्ज मेडल और 30 प्लस और 40 प्लस में कोच के रूप में सिल्वर मेडल हासिल किया।

### कांग्रेस को मजबूत करने कोलेंग में बैठक में मंथन

**जगदलपुर।** बस्तर जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य की अध्यक्षता व पूर्व विधायक रेखचंद जैन की उपस्थिति में संगठन को निचले स्तर तक मजबूत करने के लिए कोलेंग में बैठक की गई। जहां संगठनात्मक मजबूती पर चर्चा की गई। इस अवसर पर कविता साहू, सचिन खरे, बी ललिता राव, रविशंकर तिवारी,सुषमा सुता,अनुराग महतो, नीतीश शर्मा, ज्योति राव मौजूद रहे।




# महाराजा प्रवीरचंद्र की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देने उमड़े बस्तरवासी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

बस्तर के सर्वाधिक लोकप्रिय और बलिदानी महाराजा प्रवीरचंद्र भंजदेव की 60वीं पुण्यतिथि पर बुधवार को माँ दंतेश्वरी मंदिर के समक्ष उनकी प्रतिमा के समक्ष श्रद्धांजलि देने बस्तरवासी पहुंचे। वर्तमान राजपरिवार के सदस्यों ने महाराजा को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर राजमाता कृष्णकुमारी, महाराज कमलचंद्र भंजदेव समेत पूरे राजपरिवार ने प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। रियासतकाल से जुड़े मांझी, मुखिया, चालकी, पालकी, मेम्बर, मेम्बरीन, बस्तर के विभिन्न परगनों के प्रमुख, कुंवर परिवार, शहर के विधायक किरण देव, छत्तीसगढ़ ब्रेवरेज कार्पोरेशन के अध्यक्ष श्रीनिवस राव मद्दी, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के उपाध्यक्ष श्रीनिवास मिश्रा सहित विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। दंतेश्वरी मंदिर के मुख्य पुजारी कृष्णचंद्र पाड़ी ने विधिवत पूजा-अर्चना कराई।

श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने महाराजा के जीवन और बलिदान को याद किया। काकतीय वंश के अंतिम प्रशासक के रूप में ख्याति प्राप्त महाराजा प्रवीरचंद को बस्तरिया आज भी भगवान की तरह पूजते हैं। उनके अधिकांश आदिवासी घरों में फोटो हैं। वक्ताओं ने इतिहासकार केदारनाथ ठाकुर की प्रसिद्ध पुस्तक 'आदिवासी गॉड ऑफ प्रवीर' का उल्लेख कर उनका स्मरण किया। सभा में बस्तर की एकजुटता और महाराजा के प्रति अमिट श्रद्धा झलकी।

# गोवर्धन चौक में माता का जगराता आज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर



शहर के दलपत सागर गोवर्धन चौक पर गुरुवार को होने वाले माता के जगराता कार्यक्रम ने पूरे बस्तर जिले को उत्साह की लहर में डुबो दिया है। बस्तर धाकड़ क्षत्रीय राजपूत समाज के संरक्षक कुमार जयदेव के नेतृत्व में आयोजित यह दो दिवसीय भव्य आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बनेगा,बल्कि सामाजिक एकजुटता को भी मजबूत करेगा। बिलासपुर के प्रसिद्ध किशोरी दी म्युजिकल ग्रुप की मंडली पहली बार बस्तर की पावन धरती पर अपनी दिव्य प्रस्तुति देगी, जो संध्या 7 बजे से शुरू होगी और हजारों श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर देगी। कार्यक्रम की विशेषता इसकी व्यापक सहभागिता है,जिसमें सुकमा जमींदार परिवार के कुमार जयदेव बाबा,बस्तर धाकड़ क्षत्रीय राजपूत समाज व भूतेश्वर सेवा समिति सक्रिय योगदान हैं। पिछले पखवाड़े से प्रभारी योगेश शुक्ला की अगुवाई में रूपरेखा तैयार की गई। प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ करेंगे। 27 मार्च को राम मंदिर परिसर में महिलाओं के खेलकूद, मेधावी छात्रों व वरिष्ठों का सम्मान होगा, जैसा संभागीय अध्यक्ष योगेश सिंह ठाकुर ने बताया। यह श्रृंखला बस्तर की एकता का प्रतीक बनेगी।

# नन्हे ललित की आंखों में लौटी रोशनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

- जिला अस्पताल में हुआ जन्मजात मोतियाबिंद का सफल ऑपरेशन



बस्तर के नौ वर्षीय बालक ललित मौर्य के जीवन में अब खुशियों का एक नया सवेरा हुआ है। जिले के विकासखंड बस्तर के अंतर्गत ग्राम पंचायत नदीसागर के आश्रित ग्राम पराली का निवासी ललित जन्म से ही मोतियाबिंद जैसी गंभीर समस्या से जूझ रहा था। इस जन्मजात विकार के कारण वह दुनिया की खूबसूरती देखने में पूरी तरह असमर्थ था और उसका बचपन अंधेरे के साये में बीत रहा था। हालांकि ललित के मोतियाबिंद की पहचान पूर्व में ही हो गई थी, लेकिन सर्जरी को लेकर मन में बैठे डर और संशय के कारण उसके परिजन ऑपरेशन के लिए तैयार नहीं हो रहे थे। ललित के उजाले की ओर बढ़ने का सफर 20 मार्च को बस्तर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित दिव्यांग सशक्तिकरण शिविर से शुरू हुआ, जहाँ वह दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने पहुँचा था। कलेक्टर आकाश छिकारा की पहल पर आयोजित इस विशेष शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान नेत्र विशेषज्ञों ने ललित की स्थिति को समझा। इस दौरान पलारी के नेत्र सहायक अधिकारी अनिल नेताम ने विशेष सक्रियता दिखाते हुए परिजनों को ऑपरेशन के महत्व के बारे में विस्तार से समझाया। उनके अथक प्रयासों और निरंतर दी गई समझाइश का ही परिणाम था कि परिजन अंततः सर्जरी के लिए राजी हुए, जिसके बाद ललित को तत्काल बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया।


कलेक्टर के विशेष दिशा-निर्देशों के अनुरूप स्वास्थ्य विभाग ने तत्परता दिखाते हुए इस केस को प्राथमिकता दी। मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सेवा योजना और जिला प्रशासन के कुशल समन्वय से 24 मार्च को जिला महारानी अस्पताल में डॉ सरिता थॉमस द्वारा ललित का सफल मोतियाबिंद ऑपरेशन संपन्न हुआ। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक, सिविल सर्जन डॉ. संजय प्रसाद और जिला कार्यक्रम प्रबंधक कुमारी रीना लक्ष्मी के मार्गदर्शन में मेडिकल टीम ने इस चुनौतीपूर्ण सर्जरी को अंजाम दिया।

# आरटीओ उड़नदस्ता ने 72 बसों से 81 हजार एक सौ रुपए समन शुल्क वसूला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

- बस संचालकों को दिए आवश्यक सुधार का निर्देश

परिवहन विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी की टीम जगदलपुर से रायपुर मार्ग में क्षेत्र में संचालित होने वाली यात्री बसों का नियमित रूप से भौतिक निरीक्षण किया जा रहा है। यात्री वाहनों के जांच के दौरान मौके पर पाई गई अनियमितताओं में सबंधित धाराओं में मोटर यान अधिनियम 1988, केंद्रीय मोटर यान नियम 1989 एवं छग मोटरयान नियम 1994 के अनुसार चालानी कार्यवाही की जा रही है। इस दौरान संबंधित बस संचालकों को निर्धारित समय सीमा में आवश्यक सुधार हेतु निर्देश भी दिए जाते है। यात्री वाहनों के विशेष जांचों में 72 बसों में कार्यवाही कर 81 हजार 100 रूपए शमन शुल्क वसूल किया गया।




### वाहनों की जांच जारी

परिवहन विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी एवं निरीक्षक पुष्पेंद्र कुमार साहू ने बताया कि कार्यवाही के कम में यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि क्षेत्र में संचालित होने वाली सभी यात्री वाहनों की जांच नियमित रूप से आगे भी जारी रहेगी।

### उल्लंघन पर करें कार्रवाई

संयुक्त कलेक्टर एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि उड़नदस्ता टीम को निर्देश दिया गया कि परिवहन नियमों उल्लंघन करने वाले वाहनों पर सख्ती कार्रवाई की जाए।

# विधायक किरण देव ने दी 22.67 करोड़ के कार्यों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

- हीमोडायलिस, पेलियटिव केयर कैंसर क्लीनिक, बिल्डिंग, सड़क चैड़ीकरण और मजबूतीकरण कार्यों का किया भूमिपूजन



### विकास की धारा रहेगी जारी

इस अवसर पर नागरिकों को संबोधित करते हुए किरण देव ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में बस्तर को मुख्यधारा से जोड़ना और सुशासन का लाभ पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना ही सरकार का मुख्य ध्येय है। उन्होंने कहा कि जगदलपुर शहर के सर्वांगीण विकास के लिए बजट की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी और आने वाले समय में विकास की यह धारा अनवरत जारी रहेगी।

बस्तर संभाग का हृदय स्थल जगदलपुर बुधवार को विकास की एक नई इबारत का साक्षी बना, जब विधायक किरण सिंह देव ने विधानसभा क्षेत्र के लिए करोड़ों रुपये के विकास कार्यों की सौगात दी। बस्तर विकास की ओर अग्रसर के संकल्प को दोहराते हुए विधायक ने कुल 22 करोड़ 67 लाख रुपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न परियोजनाओं का विधिवत भूमिपूजन और लोकार्पण किया। इस व्यापक अभियान के केंद्र में शहर के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना और स्वास्थ्य सेवाओं को आधुनिक बनाना रहा, जो राज्य सरकार की अंतिम व्यक्ति तक सुविधाएं पहुँचाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

विकास के इस क्रम में स्वास्थ्य सेवाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। महारानी अस्पताल परिसर अब आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से लैस होने जा रहा है, जहाँ 4 करोड़ 62 लाख रुपये की लागत से हीमोडायलिसिस, पैलिएटिव केयर और कैंसर क्लिनिक बिल्डिंग का निर्माण किया जाएगा। इसके साथ ही अस्पताल की प्रशासनिक और रिकॉर्ड व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए 4 करोड़ 30 लाख रुपये की लागत से बनने वाले एमआरडी भवन की आधारशिला भी रखी गई।

बुनियादी ढांचे और प्रशासनिक सुदृढ़ीकरण की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। शहर की एक प्रमुख और बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा करते हुए माड़िया चौक से बोधघाट थाना तक सड़क चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य का शुभारंभ किया गया, जिस पर 4 करोड़ 99 लाख रुपये व्यय किए जाएंगे। साथ ही 7 करोड़ 95 लाख रुपये की लागत से बनने वाले दो नवीन वित्त कार्यालय भवनों का भूमिपूजन और 80 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित उप संचालक उद्यान भवन का लोकार्पण भी संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के दौरान बेवरेज कारपोरेशन अध्यक्ष श्रीनिवास राव और निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन ने भी विधायक देव के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि क्षेत्र में जन भावनाओं के अनुरूप विकास कार्य तेज गति से हो रहे हैं। इस गरिमामयी समारोह में पूर्व महापौर सफीरा साहू, एमआईसी सदस्यों, पार्षदों और विभागीय अधिकारियों सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता और नागरिक उपस्थित रहे।

# माई दंतेश्वरी मंदिर में डोम शेड निर्माण से बढ़ेगी श्रद्धालुओं की सुविधा



हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

बस्तर अंचल की आराध्य देवी माई दंतेश्वरी मंदिर हमेशा से ही लाखों श्रद्धालुओं का प्रमुख धार्मिक केंद्र रहा है। यहां प्रतिदिन दूर-दूर से भक्त दर्शन के लिए आते हैं, खासकर नवरात्रि जैसे विशाल पर्वों में तो भारी भीड़ उमड़ आती है। लेकिन लंबे समय से एक समस्या बनी हुई थी। मंदिर परिसर में पर्याप्त छाया और आश्रय की कमी। तेज धूप और अचानक आने वाली बारिश में भक्तों को काफी परेशानी होती थी,जिससे दर्शन व्यवस्था प्रभावित हो जाती थी। जनमानस की इसी लंबे समय से चली आ रही मांग को ध्यान में रखते हुए अब मंदिर परिसर में भव्य डोम शेड का निर्माण होने जा रहा है। इस डोम शेड निर्माण का श्रेय जगदलपुर विधायक एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव को जाता है। उनके अथक प्रयासों से जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थलों के संवर्धन और उन्नयन के लिए कुल 1 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत हुई है, जिसमें दंतेश्वरी मंदिर का यह कार्य प्रमुख रूप से शामिल है। टेम्पल कमेटी ने राशि स्वीकृत होने पर विधायक किरण देव के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया है। समिति के सदस्यों ने कहा कि यह कदम श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए ऐतिहासिक साबित होगा। इस अवसर पर समिति के शेषनारायण तिवारी, श्रीनिवास मिश्रा, राजीव नारंग, विजय भारत, शशिभूषण रथ, नरेंद्र पाणिग्राही, मोहन पाणिग्राही, रितेश गुप्ता, विजय बेवर्ता सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# भगत सिंह, राजगुरू और सुखदेव के साहस के आगे डरे अंग्रेज




हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

- शहीद दिवस पर देश के लिए बलिदान देने वालों के साहसिक कार्यों को सुनाया गया

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेजेस करीतगांव ब्लाक बकावण्ड में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा शहीद दिवस मनाया गया। शुभारंभ मां सरस्वती, भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना कर की गई। कार्यक्रम में वीर शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को स्मरण कर उनके द्वारा देश के लिए बलिदान एवं 23 मार्च 1931 को उन्हें फांसी की सजा की घटना को बताया गया। शहीदों के देश के लिए किए गए कार्यों को बताया गया। जलियांवाला बाग हत्याकांड, साइमन कमीशन का विरोध एवं लाला लाजपत राय की हत्या का प्रतिशोध, लाहौर कॉन्सपिरेंसी, दिल्ली पब्लिक सेफ्टी बिल में बम फेंकने की घटनाओं को सुनाया गया। राजेंद्र कलिहारी व्याख्याता ने शहीदों के कार्य को युवाओं को समाज के लिए अपने दायित्वों का निर्वहन करने की बात कही। संस्था प्रमुख प्राचार्या मोनिता पानिग्राही ने युवाओं को शहीदों के बताए पथ पर चलने का संदेश दिया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी राहुल सिंह ठाकुर, जादूनाथ भारती, कल्पना राय, सहायक कार्यक्रम अधिकारी लोकेश निषाद, सुभाष पटेल, सहित स्वयंसेवक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा का आत्मीय स्वागत...



**जगदलपुर।** स्थानीय मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा अपने बस्तर प्रवास में जगदलपुर आगमन पर जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों ने आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान वन मंत्री केदार कश्यप, विधायक किरण देव, विनायक गोयल, ब्रेवरेज कार्पोरेशन के अध्यक्ष श्रीनिवास मद्दी, पद्मश्री पंडीराम मंडावी सहित अन्य गणमान्य जनप्रतिनिधियों के साथ ही कमिश्नर डोमन सिंह, आईजी सुंदरराज पी.,कलेक्टर आकाश छिकारा, एसपी शलभ कुमार सिन्हा और अन्य अधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया। उप मुख्यमंत्री के साथ डीजीपी अरुणदेव गौतम, एडीजी नक्सल ऑपरेशन विवेकानंद सिन्हा भी पहुंचे ।

### बकावंड में टीबी दिवस पर निकली रैली



**जगदलपुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक एवं जिला क्षय नियंत्रण अधिकारी डॉ. सीआर मैत्री के आदेशानुसार एवं खण्ड चिकित्सा अधिकारी के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग एवं लेप्रा सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष बकावंड की सोनवारी भद्रे व तरुण कुमार पांडेय की अध्यक्षता में विश्व टीबी दिवस पर रैली निकली। टीबी मुक्त भारत अभियान 100 दिवसीय अभियान का दूसरा चरण का शुभांरभ जनप्रतिनिधियो की उपस्थिति में किया गया। कार्यशाला का आयोजन कर ग्रामीणों एवं मितानिन के साथ जनप्रतिनिधियों ने कहा कि जिस ग्राम में ज्यादा टीबी के मरीज है उन ग्रामों को उच्च जोखिम ग्राम मानकर व्यक्तियों की स्क्रीनिंग कर टीबी के समस्त छुटे हुए मरीजो की जांच करना अत्यंत आवश्यक है।

